

# 18 हेक्टयर से अधिक भूमि शा. दर्ज करने का आदेश

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कराहल बीएस श्रीवास्तव द्वारा तहसील कराहल अंतर्गत ग्राम कुराचोर कला की 18.168 हेक्टयर भूमि पर 11 व्यक्तियों के नाम से की गई अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर उक्त समस्त भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। परित आदेश के अनुसार न्यायालय तहसीलदार, तहसील कराहल के प्रकरण क्रमांक 0414/बी-121/2023-24 से प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम कुराचोरकलां के निवासियों द्वारा गलत तरीके से फर्जी एन्ट्री कराई गई है, उक्त व्यक्तियों में विमलेश पत्नी वृंदावन जाति ब्राम्हण सर्वे क्रमांक 53, 63, 95 कुल रकवा 1.766 हेक्टेयर, द्वारिका पुत्र बद्री अहीर सर्वे क्रमांक 146 रकवा 1.369 हेक्टेयर,सर्वे क्रमांक 167 रकवा 0.575 हेक्टेयर,सुशीला पत्नी वीरेन्द्र अहीर सर्वे क्रमांक186/2 रकवा 0.251 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 189 रकवा 1.035 हेक्टेयर व193/4 रकवा 0.627हे.,शैलेन्द्र पुत्र शिवसिंह गुर्जर सर्वे क्रमांक 25/1 रकवा1.933 हेक्टेयर, सुनीता पत्नी हाकिम अहीर सर्वे क्रमांक 193/3 रकवा 1.150 हे. व सर्वे क्रमांक 193/6 रकवा 0.836 हेक्टेयर, महेन्द्र पुत्र गुलाब सिह खटीक सर्वे क्रमांक 96,97, 98,103 कुल रकवा 1.902 हेक्टेयर,मंजू पत्नी हरिबल्लभ तेती 104/1 रकवा 0.627 हेक्टेयरव सर्वे क्रमांक 114/1 रकवा 1.338 हेक्टेयर, रामलखन पुत्र तुलाराम अहीर सर्वे क्रमांक 186/1 रकवा 1.463 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 188/1 रकवा 0.418 हेक्टेयर, रामा पत्नी शेलेन्द्र गुर्जर सर्वे क्रमांक 27/1 रकवा 1.996 हेक्टेयर, अमरजीत पुत्र खरगे अहीर सर्वे क्रमांक 137/1 रकवा 1.045 हेक्टेयरव सर्वे क्रमांक 164 रकवा 0.867 हेक्टेयर,गीता पत्नी वाले गुर्जर सर्वे क्रमांक 229/2/1 रकवा 1.787 हेक्टेयर भूमि जो संवत 2039-43, संवत2054-58 तथा सन् 2004-2008 के खसरा पंचशाला हस्तलिखित में उक्त सर्वे नं. शासकीय दर्ज है तथा हस्तलिखित खसरा पंचशाला संवत 2064-68 में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के सीधी प्रविष्टि की गई है। प्रकरण के अवलोकन में प्रथम दृष्टया तहसीलदार तहसील कराहल के प्रकरण अनुसार अवैध प्रविष्टियां कूटरचित तरीके से संवत 2064-68 में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश से अमल होना प्रतिवेदित किया गया है एवं उक्त सर्वे नम्बरों पर से अनावेदकगणों के नाम हटाये जाने व उक्त सर्वे नम्बरों को शासकीय घोषित किया जाने हेतु प्रेषित किया गया है। उक्त कोई भी व्यक्ति ग्राम में निवास नहीं करता है। ग्राम कुराचोरकलां तहसील कराहल अधिसूचित क्षेत्र है तथा अधिसूचित क्षेत्र में एसटी/एससी से भिन्न वर्ग के व्यक्तियों को पट्टा प्राप्त करने की पात्रता नहीं थी। अनावेदकगण ग्राम कुराचोरकलां को दस्तावेज/साक्ष्य प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया किन्तु प्रस्तुत नहीं किये गये। अतः तहसीलदार तहसील कराहल द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर उपरोक्त सूची में अंकित 01 लगायत 11 व्यक्तियों ग्राम के निवासी नहीं हैं हस्तलिखित खसरा संवत 2039-43, संवत 2054-58 वर्ष 2004-2008 के खसरा पंचशाला में उक्त सर्वे नम्बर शासकीय दर्ज हैं। बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा के अवैध प्रविष्टि/अवैध अंतरण किये जाने से अंकित उनके नाम की अवैध प्रविष्टि को वर्तमान कम्प्यूटर खसरा से विलोपित कर उक्त समस्त भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है।



# घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर 13 सिलेण्डर जप्त

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेडरो के व्यवसायिक दुरूपयोग पाये जाने पर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 13 सिलेण्डर जब्त किये गये है।

फूड इस्पेक्टर संजीव शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक रूप से दुरूपयोग करते पाये जाने पर कोटा कचौरी बागर तिराहा बड़ौदा, रेनू मिष्ठान भण्डार एवं रेस्टोरेंट बागर तिराहा बड़ौदा, सांवरिया सेठ ढाबा एण्ड फेमिली रेस्टोरेंट बागर तिराहा बड़ौदा, भैरूलाल कचौरी मैन बाजार बड़ौदा एवं आशु कैफे सब्जी मण्डी बड़ौदा द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की कण्डिका 3.1(ग) का उल्लघंन होने की स्थिती मे 13 घरेलू गैस सिलेडर जप्त कर वसुन्धरा गैस ऐजेन्सी बडौदा की सुपुर्दगी मे दिये गये एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित किये गये है।

सभी प्रतिष्ठान संचालको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक उपयोग न करे अन्यथा कठोर कार्यवाही की जावेगी।

# विविध संस्कृतियों, परम्पराओं को नजदीकी से समझने में उपयोगी है होम स्टे,कार्यशाला का आयोजन




नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** पर्यटन गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से होम स्टे पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल रूपेश उपाध्याय ने कहा कि होम स्टे एक ऐसा माध्यम है, जिससे विविध संस्कृतियों एवं परम्पराओं को नजदीकी से जानने और समझने का अवसर उपलब्ध होते है। टूरिस्ट के रूप में आने वाले टूरिस्टर अपने साथ अपने क्षेत्र की संस्कृति और परम्पराओं को दूसरे स्थानों पर सांझा करते है, वही स्थानीय संस्कृति से रूबरू होते है। आज के दौर में होम स्टे तेजी से बढता व्यवसाय है। पर्यटन के क्षेत्र में इसकी मांग निरंतर बढती जा रही है। श्योपुर जिले की एतिहासिक पृष्ठभूमि, नेसर्गिक वन क्षेत्र और कूनो नेशनल पार्क भी पर्यटको को आकर्षित कर रहे है, ऐसे में स्थानीय कला, भाषा, संस्कृति, परम्परा, खानपान में रूचि रखने वाले पर्यटको के लिए होम स्टे की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

शिवपुरी रोड स्थित होटल अनोखी में आयोजित कार्यशाला के दौरान भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, अंजुमन सदर मोहम्मद शब्बीर नागौरी, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष सुमित सिंहल, सतीश समाधिया, अशोक सर्राफ मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल की होम स्टे मैनेजर श्रीमती गायत्री शर्मा, कोडिनेटर परमेन्दर रावत, योगेश विश्वकर्मा, देव सोनी आदि उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर उपाध्याय ने बताया कि श्योपुर जिले में पर्यटन विकास की दृष्टि से होम स्टे योजना में इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीयन करा सकते है, होम स्टे के साथ ही फार्म स्टे भी बनाये जा सकते है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल की होम स्टे मैनेजर श्रीमती गायत्री शर्मा ने बताया कि यदि आपके घर में एक से एक एवं अधिकतम 6 अतिरिक्त कक्ष है, और आप अपने घर के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करना चाहते है, तो होम स्टे प्रारंभ कर सकते है। उन्होंने जानकारी दी कि होम स्टे स्थापना, फार्म स्टे स्थापना तथा ग्राम स्टे स्थापना के साथ ही बेड एवं ब्रेकफास्ट स्थापना के लिए पंजीयन कराये जा सकते है। होम स्टे के माध्यम से पर्यटको को स्थानीय लोक संस्कृति, परम्पराओं तथा खानपान से अवगत होने का अवसर मिलता है।

इस योजना अंतर्गत गृह स्वामी अपने आवास के किसी भी भाग को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटको को आवासीय सुविधा के लिए उपलब्ध करा सकते है, इसके लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड में पंजीयन कराना होता है। होम स्टे के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है। गोल्ड श्रेणी में पंजीकृत होम स्टे को 25 हजार एवं डायमंड श्रेणी में पंजीकृत होम स्टे को वन टाइम 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। होम स्टे का ब्रोशर अथवा व्यवसायिक बनाने के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये दिये जाते है। इस अवसर पर होम स्टे और उनके माध्यम से प्रदाय सुविधाओं पर आधारित वीडियो के साथ प्रोमोशनल वीडियों का प्रदर्शन किया गया तथा उपस्थित लोगों को होम स्टे योजना स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।



# 20 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री सिकरवार ने बताया कि ग्राम ढेंगदा में दबिश दी गई, जहां लगभग 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 300 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 2 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 34000 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोक सिंह रावत, मोनू शाक्य एवं अन्य आबकारी बल मौजूद रहा।

## जाटखेडा विद्यालय में हेल्थ चैकअप

**श्योपुर, 16 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार आरबीएसके टीम द्वारा आज जाटखेडा में शिविर लगाकर बच्चों का हेल्थ चैकअप किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा 70 बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा बच्चों को आयरन गोली खाने के लिए जागरूक किया गया। आरबीएसके की समन्वयक श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि हेल्थ कैंप के दौरान एनिमिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

## 200 लीटर कच्ची शराब जब्त, दो आरोपी जेल भेजे

**शिवपुरी।** अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत बैराड़ थाना पुलिस ने एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए हाथ भट्टी से बनी 200 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इन कार्रवाइयों में दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# आनंद उत्सव अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन



नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी आनंद विभाग सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में मध्यप्रदेश आनंद विभाग द्वारा 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन जारी है।

इसी क्रम में नगर पालिका परिषद श्योपुर द्वारा आनंद उत्सव 2026 के अंतर्गत अजाक थाने के पीछे खेल मैदान पर परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया। इसमें खो-खो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में श्योपुर वॉरियर की टीम विजेता रही वहीं श्योपुर योद्धा उप विजेता रही। पिट्ठू में बालक वर्ग में चंबल वॉरियर विजेता एवं श्योपुर योद्धा उप विजेता रही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी आदित्य चौहान, खेल विभाग से डेलन सिंह, खो-खो, सचिव पंकज शर्मा, मनन गुप्ता, जितेन्द्र राव, विवेक वैष्णव, अंकित रजक उपस्थित रहे।



## पैरा खिलाड़ियों ने की मुख्यमंत्री से भेंट, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के गौरव, पद्मश्री से सम्मानित, विक्रम अवॉर्डी एवं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया एवं श्योपुर के पैरा खिलाडी सद्दाम खान से अपने दिल्ली स्थित आवास पर आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री लोहिया एवं उनकी पूरी टीम को आगामी अंतरराष्ट्रीय समुद्री तैराकी चुनौती के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस टीम में श्योपुर के पैरा खिलाडी सद्दाम खान भी शामिल है। कोच के रूप में टीम के साथ जा रहे श्योपुर निवासी मुजीब खान भी इस भेंट के दौरान उपस्थित रहें।

सत्येंद्र सिंह लोहिया अपनी टीम के साथ नई दिल्ली से न्यूजीलैंड के लिए प्रस्थान कर रहे हैं, जहां वे 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली विश्वस्तरीय 36 किलोमीटर लंबी कुक स्ट्रेट समुद्री तैराकी चुनौती में भाग लेंगे।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 32वी किस्त की राशि का अंतरण

**01 लाख 07 हजार 729 बहनाओं को मिली 1500-1500 रूपये की राशि**



नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज नर्मदापुरम जिले के माखन नगर में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम के माध्यम से 32वी किस्त के रूप में प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1836 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण किया गया। लाडली बहनाओं को 1500-1500 रूपये की राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुई है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में निषादराज भवन में अयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, डीपीओ महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक रिशु सुमन आदि अधिकारी एवं लाडली बहनाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर रस्साकसी एवं चेयररेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा भी भाग लिया गया। सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं बेटी बचाओं-बेटी पढाओ स्लोगनयुक्त कप उपहार स्वरूप भेंट किये गये। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 7 हजार 729 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह जनवरी के लिए कुल 15 करोड 91 लाख 37 हजार 500 रूपये की राशि अंतरित की गई।

योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 7 हजार 729 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 672, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3353, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2798, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 43 हजार 450, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 523 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 34 हजार 935 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।

श्योपुर जिले में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों ग्राम पंचायतों पर कार्यक्रम आयोजित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में बेटी बचाओं-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत चलाये जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, डीपीओ महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक रिशु सुमन आदि मौजूद रहें। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ ली गई तथा संकल्प पर हस्ताक्षर किये गये।

# मिलेट्स फूड स्वास्थ्य के लिए लाभदायक,फेस्टिवल का शुभारंभ



नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में 05 दिवसीय मिलेट फेस्टिवल का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, पूर्व जनपद सदस्य एवं समूह की सदस्य श्रीमती मिकुडी बाई पटेलिया, श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल सहित गणमान्य नागरिका एवं समूह की महिलाएं मौजूद रही।

इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने कहा कि मिलेट्स फूड पोषक तत्वों से भरपूर होकर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते है, यह ब्लड शुगर को कन्ट्रोल करते है तथा वजन घटाने में भी सहायक होते है। त्वचा और बालों के लिए लाभदायक होने के साथ ही इनसे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है। मिलेट्स फूड से बने स्वादिष्ट व्यंजनो एवं भोजन से अवगत कराने के उद्देश्य से शुरू किये गये मिलेट्स फेस्टिवल का लाभ शहरी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।

श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ द्वारा भी स्वसहायता समूहों की दीदीयों द्वारा मिलेट्स अनाज से बनाये गये व्यंजनों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा समूह की दीदी श्रीमती मिकुडी बाई के साथ फीता काटकर मेले की शुरूआत की गई। एनआरएलएम के डीपीएम श्री मुदगल ने बताया कि स्वदेशी व्यंजन एवं आजीविका उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय 16 से 20 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक मिलेट फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा।

## मिलेट्स खिचड़ी और लड्डू के साथ ही दर्जनभर व्यंजनों की उपलब्धता

मिलेट्स फूड फेस्टिवल में मिलेट्स अनाजों से बनाई गई खिचडी और लड्डू के साथ ही दर्जनभर खाने की डिश व्यंजनो की उपलब्धता है। विभिन्न स्वसहायता समूहों द्वारा मिलेट्स अनाजों का उपयोग कर ताजा व्यंजन तैयार किये जा रहे है, नागरिकों को भोजन एवं नाश्ता परोसने के लिए भी सभी प्रबंध किये गये है। फूड फेस्टिवल में सावन माता एसएचजी द्वारा दाल पानिया-चटनी, मॉ शारदा एसएचजी द्वारा बाजरे के मठ्ठे एवं बाजरे का पराठा, मॉ संतोषी समूह द्वारा मिक्स मिलेट्स लड्डू, देव नारायण समूह द्वारा मिक्स मिलेट्स खिचडी तथा गुरूनानक एसएचजी द्वारा दाल बाफ्ला, चूरमा, बेसन गठ्ठा, चटनी कडी, बजारे की रोटी, बैंगन का भर्ता आदि व्यंजन प्रतिदिन सुबह-शाम तैयार किये जा रहे है। नागरिकों के लिए पैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

इसी प्रकार विभिन्न उत्पादो को भी विक्रय के लिए रखा गया है, एनआरएलएम अंतर्गत संचालित जिंद बाबा समूह द्वारा वाशिग पावडर, सागर सीएलएफद्वारा शहद तथा ताज एसएचजी द्वारा टायलेट क्लीनर, हैंडवॉश एवं फिनाइल के विक्रय आउटलेट लगाये गये है। सहरिया महिला लघु वनोपज कंपनी द्वारा जडी बुटियों को विक्रय के लिए रखा गया है।

**अतिथियों ने लिया व्यंजनों का स्वाद :** मिलेट्स फूड फेस्टिवल के दौरान अतिथियों द्वारा मिलेट्स अनाजों ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी आदि से निर्मित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया गया। इस दौरान अतिथियों ने बाजरे का लड्डू, मक्के का ढोकला, बाजरे की खिचडी, बाजरे का पराठा जैसे व्यंजनों का स्वाद लिया तथा भोजन वाले समूह की दीदीयों की प्रशंसा की।

# सोईकलां में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में अटल सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीएससी जिला प्रबंधक श्योपुर विनोद कुशवाह की उपस्थिति में सीएससी वीएलई सुग्रीव सुमन द्वारा ग्राम पंचायत सोईकलां में साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी कॉल, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, और बैंकिंग धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर कैसे सतर्क रहना है, ओटीपी और व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा नहीं करनी चाहिए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत शिकायत कैसे करें। सीएससी जिला प्रबंधक विनोद कुशवाह ने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सीएससी द्वारा चलाए जा रहे ये जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। सीएससी का उद्देश्य है कि हर ग्रामीण डिजिटल सेवाओं का सुरक्षित रूप से उपयोग कर सके और साइबर ठगी का शिकार होने से बचे। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी को उपयोगी बताया।

# पाण्डोला में आयुष विभाग ने किया स्वास्थ्य शिविर आयोजित



नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 16 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा पाण्डोला की दयालपुरा आंगनबाडी केन्द्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ सुग्रीव मीणा, चेतन प्रकाश रावत एवं श्याम धाकड़ द्वारा 56 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में रोगियों का परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेद आहार विहार एवं दिनचर्या के बारे में बताया एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं द्रोपती बाई (Draupati Bai) मेरे आधार कार्ड में पति का नाम कल्याण (Kalyan) लिखा हुआ है। जबकि मेरे पति का नाम **रामकल्याण मीणा** (**Ramkalyan Meena**) है। दोनों नाम मेरे पति के ही है, तथा ग्राम में मेरे पति को दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। यदि नाम की वजह से भविष्य में कोई वाद विवाद या परेशानी आती है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी होगी। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 27.11.2025 को हो चुका है। यह कि कल्याण व रामकल्याण मीणा दोनों नाम मेरे पति के ही है इस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है जो सही एवं सत्य है।

**सूचनाकर्ता**
**द्रोपती बाई पत्नी स्व. कल्याण उर्फ रामकल्याण मीणा, निवासी- ग्राम टोंगनी तहसील व जिला श्योपुर म.प्र.**